# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

## U.P. Power Corporation Limited

(U.P. Government Undertaking)
CIN: U32201UP1999SGC024928

शक्तिभवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ Shakti Bhawan, 14-Ashok Marg, Lucknow-226001


सं0 /निआस/147/2020 दिनांक 17/5/ 2023

## कार्यालय ज्ञाप

यह संज्ञान में आया है कि समस्त डिस्कॉम् के अधीनस्थ मण्डलों की ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया से सम्बन्धित अभिलेखों/प्रपत्रों जैसे पी0क्यू0आर0, निविदा निकालने व समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्राप्त प्रशासनिक/वित्तीय अनुमोदन, प्राक्कलन, तुलनात्मक विवरणी, अनुबन्ध की प्रति व बैठक कार्य समिति इत्यादि में अधिकारियों के हस्ताक्षर अपठनीय है तथा अधिकारियों द्वारा किये गये हस्ताक्षर के सापेक्ष उनके नाम व पदनाम की मोहर एवं तिथि का उल्लेख नही किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रपत्रों/अभिलेखों की वैद्यता ज्ञात नहीं होती है व तिथि अंकित न होने से अनुमोदन तथा समयावधि भी निश्चित न होने के कारणवश अनियमितता की स्थिति की सम्भावना उत्पन्न होती है।

उपरोक्त के दृष्टिगत एतद्द्वारा यह निर्देशित किया जाता है कि ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों/प्रपत्रों व अनुमोदनों पर तिथि अंकित की जाये, हस्ताक्षर करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों के नाम तथा पदनाम की स्पष्ट मोहर लगी हो एवं यथाआवंटित सैप आई0डी0 भी अंकित की जाये। उपरोक्त का पालन न होने पर अभिलेख/प्राक्कलन/अनुमोदन इत्यादि मान्य नहीं होगें तथा सम्बन्धित निविदा अधिकारी द्वारा निकाली गयी निविदा हेतु उसे उत्त्तरदायी माना जाएगा। साथ ही, यह भी निविदा अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाये कि समस्त सम्बन्धित अभिलेख व अनुमोदन आनलाइन अपलोड किये जायें व सम्बन्धित पत्रावली में ही व्यवस्थित किये जायें, जिससे उनका अवलोकन करने में किसी भी प्रकार विलम्ब की स्थिति उत्पन्न न हो।

उक्त दिशा–निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

अध्यक्ष

**सं0 200 / निआस/147/2020 तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष के निजी सचिव, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0/केस्को, लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/आगरा/कानपुर।
4. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ/मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0/केस्को, लखनऊ/वाराणसी/ मेरठ/आगरा/कानपुर।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/मुख्य अभियन्ता (वितरण)/अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0/केस्को, लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/आगरा/कानपुर।
6. समस्त उपमहाप्रबन्धक/उपमुख्य लेखाधिकारी/वरिष्ठ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0/केस्को, लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/आगरा/कानपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष स0 407, शक्ति भवन लखनऊ को उ० प्र० पावर कारपोरेशन लि0 की वेबसाईट www.uppcl.org पर अपलोड करने हेतु।

प्रबन्ध निदेशक

PC-610/147/PK